जन जन का कल्याण करे मेरा भोला

जन जन का कल्याण करे मेरा भोला बाबा,
भक्तों का उद्धार करे मेरा भोला बाबा,
ॐ नमो: शिवाय हरि ॐ नमो: शिवाय
ॐ नमो: शिवाय हरि ॐ नमो: शिवाय
ॐ नमो: शिवाय हरि ॐ नमो: शिवाय.....

एक बार जो करे इशारा,
बदल के रखदे समय की धारा,
नवयुग का निर्माण करे हाँ मेरा भोला बाबा,
भक्तों का उद्धार करे मेरा भोला बाबा....

रावण को दी दान मे लकां,
त्रिभुवन में बाजा था डंका,
निर्धन को धनवान करे हाँ मेरा भोला बाबा,
भक्तों का उद्धार करे मेरा भोला बाबा.....

भूले हुए को राह दिखावे,
देवो को अमृत पिलवावे,
और खुद विष का पान करे हां मेरा भोला बाबा,
भक्तों का उद्धार करे मेरा भोला बाबा.....

जो भोले के दर पे आए,
मन चाहा फल वो पा जाए,
हर मुश्किल आसान करे ॐ मेरा भोला बाबा,
भक्तों का उद्धार करे मेरा भोला बाबा,
जन जन का कल्याण करे मेरा भोला बाबा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28400/title/jan-jan-ka-kalyan-kare-mera-bhola

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |